पत्र सं०–6 एस०एस०(6)32 / 2025– 2235/

# बिहार सरकार
# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

गीता सिंह, भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं हक) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–15, दिनांक–...21... / .05.... / 2025.

**अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

द्वारा :– ****आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।**

विषय :– **राज्य स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों में कुल ₹ 1435.00 लाख (रुपये चौदह करोड़ पैंतीस लाख) मात्र के अनुमानित व्यय पर कॉम्फेड, पटना अन्तर्गत विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी संयंत्रों का सुदृढ़ीकरण एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल ₹ 635.00 लाख (रुपये छः करोड़ पैंतीस लाख) मात्र सहायक अनुदान परिसंपत्तियों के निर्माण के रूप में व्यय करने की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार ने सम्यक विचारोपरान्त राज्य स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों में कुल ₹ 1435.00 लाख (रुपये चौदह करोड़ पैंतीस लाख) मात्र के अनुमानित व्यय पर कॉम्फेड, पटना अन्तर्गत विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी संयंत्रों का सुदृढ़ीकरण एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल ₹ 635.00 लाख (रुपये छः करोड़ पैंतीस लाख) मात्र सहायक अनुदान परिसंपत्तियों के निर्माण के रूप में व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना का विस्तृत व्यय विवरणी संलग्न।

2. इस योजना के तहत कॉम्फेड, पटना द्वारा वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ, पटना के अन्तर्गत 50 KLPD क्षमता के दुग्ध शीतक केन्द्र का निर्माण, कोसी दुग्ध संघ, सुपौल अन्तर्गत सुपौल डेयरी में इनफ्यूंट ट्रिटमेन्ट प्लांट का विस्तारीकरण 300 KLPD से 600 KLPD किया जाना है, नालन्दा डेयरी परियोजना में स्थापित दुग्ध चूर्ण संयंत्र के स्वचालन सॉफ्टवेयर का उन्नयन करना, मिथिला दुग्ध संघ अन्तर्गत समस्तीपुर में स्थापित डेयरी संयंत्र में 100 KL के एस०एस० मिल्क साईलो की स्थापना एवं बरौनी डेयरी में 1500 KVA के डी०जी० सेट की स्थापना किया जाना है।

3. इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित डेयरी संयंत्रों का सुदृढ़ीकरण करना है, यथा वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ, पटना के अन्तर्गत सारण जिले के रिवीलगंज में एक 50 KLPD क्षमता के दुग्ध शीतक केन्द्र का

निर्माण, जिससे दूध की मात्रा अधिक हो जाने के कारण शीतकरण क्षमता में वृद्धि करना, दुग्ध की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी करना, दुग्ध की बर्बादी की रोकथाम, सुपौल डेयरी में स्थापित इनफ्यूंट ट्रिटमेन्ट प्लांट का विस्तारीकरण, जिससे पर्यावरण मानकों के अनुरूप अपशिष्ट जल का उपचार करने से जुर्माने एवं जटिलताओं का बचाव, नालन्दा डेयरी परियोजना में स्थापित दुग्ध चूर्ण संयंत्र के स्वचालन सॉफ्टवेयर का उन्नयन करना, जिससे संयंत्र के सॉफ्टवेयर के उन्नयन से संचालन निगरानी और रख–रखाव में सुधार, उन्नत सॉफ्टवेयर डाटा को स्वचालित रूप से संग्रहित और प्रबंधित कर सकेगा, जिससे उत्पादन, गुणवत्ता और रख–रखाव के आंकड़ों का सटीक विश्लेषण संभव हो सकेगा। मिथिला दुग्ध संघ अन्तर्गत समस्तीपुर में स्थापित डेयरी संयंत्र में 100 KL के एस०एस० मिल्क साईलो की स्थापना, जिससे दूध की भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी एवं बरौनी अन्तर्गत बरौनी डेयरी में 1500 KVA के डी०जी० सेट की स्थापना किया जायेगा, जिससे अप्रबाध बिजली की आपूर्त्ति होगा।

4. इस योजना के तहत वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ, पटना के अन्तर्गत सारण जिले के रिवीलगंज में एक 50 KLPD क्षमता के दुग्ध शीतक केन्द्र का निर्माण, सुपौल डेयरी में स्थापित इनफ्यूंट ट्रिटमेन्ट प्लांट का विस्तारीकरण, नालन्दा डेयरी परियोजना में स्थापित दुग्ध चूर्ण संयंत्र के स्वचालन सॉफ्टवेयर का उन्नयन करना, मिथिला दुग्ध संघ अन्तर्गत समस्तीपुर में स्थापित डेयरी संयंत्र में 100 KL के एस०एस० मिल्क साईलो की स्थापना, बरौनी डेयरी में 1500 KVA के डी०जी० सेट की स्थापना किया जाना है।

5. इस योजना के तहत योजना का क्रियान्वयन कॉम्फेड, पटना द्वारा किया जायेगा।

6. इस योजना के तहत स्वीकृत राशि की निकासी निदेशक, गव्य अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी होंगे। निदेशक, गव्य सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी होंगे।

7. इस योजना अंतर्गत कॉम्फेड, पटना को राशि का भुगतान सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से निकासी कर एकमुस्त कॉम्फेड, पटना के पी०एल० खाता में किया जायेगा।

8. इस योजना अंतर्गत स्वीकृत राशि की निकासी कर निदेशक, गव्य द्वारा कॉम्फेड, पटना के पी०एल० खाता में हस्तान्तरित किया जायेगा एवं स्वीकृत राशि पी०एल० खाता के माध्यम से कॉम्फेड, पटना द्वारा व्यय किया जायेगा।

9. **बजट शीर्ष और बजट की उपलब्धता –** मुख्य शीर्ष–2404–डेरी विकास, उप मुख्यशीर्ष–00–लघु शीर्ष–102–डेरी विकास परियोजनाएँ, मांग संख्या–02, उप शीर्ष–0115–गव्य प्रक्षेत्र की योजनाएँ, विपत्र कोड 02–2404001020115, विषय शीर्ष–0115.31.05 सहायक अनुदान परिसम्पत्तियों के निर्माण मद से विकलनीय होगा।

10. निदेशक, गव्य का यह भी दायित्व होगा कि वित्त विभागीय संकल्प–573, दिनांक–16.01.1975 एवं एम०–04–15/2009–9736 वि०–2, दिनांक–19.10.2011

के अनुसार सहायक अनुदान की राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र राज्यादेश निर्गत होने की तिथि से 18 माह के अन्दर विभाग एवं महालेखाकार (ले० एवं हक०) बिहार, पटना के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा तथा व्यय को स्वीकृत राशि के अन्तर्गत सीमित रखा जायेगा।

11. दिनांक–08.05.2025 को सम्पन्न विभागीय स्थायी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तावित स्कीम की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कार्यवाही संचिका–6 एस०एस० (6)32 / 2025 के पृष्ठ 08–07 / प०.

12. चुँकि यह योजना राज्य योजना के तहत एक नई योजना है। योजना का लागत मूल्य रुपये 5.00 करोड़ से अधिक एवं 15.00 करोड़ से कम है। इसलिए वित्त विभागीय संकल्प–12888, दिनांक–03.12.2024 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है। संचिका सं०–6 एस०एस०(6)32 / 2025 के पृष्ठ–08 / टि० दिनांक–16.05.2025.

13. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। सं०सं०–6 एस०एस०(6)32 / 2025 के पृष्ठ–07 / टि० तथा डायरी सं०–233, दिनांक–15.05.2025.

14. वित्त विभागीय पत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से राशि की निकासी हेतु प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन
20/5/25
(गीता सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)32 / 2025– 2235/पटना–15, दिनांक–21 / 05 / 2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ वित्त विभाग (योजना शाखा / बजट शाखा) / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/5/25
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)32 / 2025– 2235 / पटना–15, दिनांक–21 / 05 / 2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/5/25
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)32 / 2025– 2235/पटना–15, दिनांक–21 / 05 / 2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ प्रबंध निदेशक, कॉम्फेड, पटना / निदेशक, गव्य, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/5/25
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)32/2025– 2235/पटना–15, दिनांक–...21../...05../2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ गव्य निदेशालय के बजट शाखा/योजना शाखा/लेखा शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)32/2025– /पटना–15, दिनांक–......../......./2025.

प्रतिलिपिः–अनुलग्नक की प्रति के साथ मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/योजना शाखा–06 के कार्यवाह सहायक को अतिरिक्त पाँच प्रतियों के साथ सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)32/2025– 2235/पटना–15, दिनांक–...21../..05../2025.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/विभागीय अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/महालेखाकार, लेखा परीक्षा, महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–6 एस०एस०(6)32/2025– 2235/पटना–15, दिनांक–...21../..05../2025.

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक की प्रति के साथ आई० टी० मैनेजर, विभागीय कम्प्यूटर कोषांग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

# व्यय विवरणी

राज्य स्कीम के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2026–27 तक दो वर्षों में कुल ₹ 1435.00 लाख (रुपये चौदह करोड़ पैंतीस लाख) मात्र के अनुमानित व्यय पर कॉम्फेड, पटना अन्तर्गत विभिन्न दुग्ध संघों के डेयरी संयंत्रों का सुदृढ़ीकरण एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल ₹ 635.00 लाख (रुपये छः करोड़ पैंतीस लाख) मात्र सहायक अनुदान परिसंपत्तियों के निर्माण के स्वीकृति के लिए व्यय विवरणी :–

(राशि लाख में)

| विपत्र कोड | योजना विवरणी | वित्तीय वर्ष 2025–26 | वित्तीय वर्ष 2026–27 | कुल योग | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम | कोषागार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विपत्र कोड 02–2404001020115, विषय शीर्ष–0115.31.05 –सहायक अनुदान परिसम्पत्तियों के निर्माण मद | वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ, पटना के अन्तर्गत सारण जिले के रिवीलगंज में एक 50 KLPD क्षमता के दुग्ध शीतक केन्द्र का निर्माण | 100.00 | 700.00 | 800.00 | निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, बिहार, पटना / प्राधिकृत पदाधिकारी | सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना। |
| | कोसी दुग्ध संघ, सुपौल के अन्तर्गत सुपौल डेयरी में स्थापित इफ्युेंट ट्रिटमेन्ट प्लान्ट का विस्तारीकरण 300 KLPD से 600 KLPD | 100.00 | 100.00 | 200.00 | | |
| | नालन्दा डेयरी परियोजना में स्थापित दुग्ध चूर्ण संयंत्र के स्वचालन सॉफ्टवेयर का उन्नयन | 150.00 | – | 150.00 | | |
| | मिथिला दुग्ध संघ के अन्तर्गत समस्तीपुर में स्थापित डेयरी संयंत्र में 100 KL के एस.एस. मिल्क साईलो की स्थापना तथा इसका वर्त्तमान डेयरी संयंत्र के SCADA के साथ एकीकरण | 110.00 | – | 110.00 | | |
| | बरौनी दुग्ध संघ, बरौनी के अन्तर्गत बरौनी डेयरी में 1500 KVA के डी.जी. शेट की स्थापना | 175.00 | – | 175.00 | | |
| | कुल :– | 635.00 | 800.00 | 1435.00 | | |

2235
21/5/25

28/5/25

सरकार के अपर सचिव